## एक नजर में

### जैन मुनि आएंगे करनवास

**नवभारत न्यूज, करनवास 11 मार्च, का.** प्रसिद्ध जैन संत श्री विरभ सागर जी महाराज उज्जैन से सोन गिरी यात्रा के दौरान कल शाम को करनवास पहुंचेंगे. मुनिश्री का यहां रात्रि विश्राम होगा. इस मौके पर जैन समाज द्वारा स्वागत किया जाएगा. इसके अगले दिन 13 मार्च को वे सुबह आहार कर ब्यावरा के लिए रवाना होंगे. जैन समाज के अध्यक्ष ने सभी समाजजनों से दर्शन लाभ लेने का आव्हान किया है.

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**राजगढ़ 11 मार्च, का.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) के वार्षिक कैलेण्डर अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को प्रात: 10.15 बजे एडीआर सेंटर के सभागृह में किया जाएगा.

### छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च

**राजगढ़ 09 मार्च, का.** जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा बताया गया कि एमपीटीएएएससी पोर्टल पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक एवं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण हेतु आवेदन 15 मार्च, 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं. पात्र विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा में पोर्टल पर आवेदन करें.

### गेहूं पंजीयन की संभागीय समीक्षा बैठक

**राजगढ़ 11 मार्च, का.** गेहूं पंजीयन एवं उपार्जन की संभागीय समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से बुधवार को आयोजित की गई. बैठक में संबंधित अधिकारियों को रबी विपणन वर्ष में गेहूं पंजीयन एवं भंडारण व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए. बैठक में बताया गया कि इस वर्ष गेहूं पंजीयन विगत वर्ष की तुलना में लगभग 18 प्रतिशत अधिक हुआ है। पंजीयन में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. साथ ही गेहूं पंजीयन का सत्यापन राजस्व विभाग के माध्यम से कराने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पंजीयन की प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण की जा सके.

# पहले सुनवाई पूरी हुई, फिर किया अंतिम संस्कार

## समझाइश के बाद माने अंतिम संस्कार के लिए, झाडला निवासी देवर-भाभी का सड़क हादसे में हो गया था निधन

**मकान का नोटिस दिए जाने पर राजगढ़ जन सुनवाई में जा रहे थे आवेदन देने**

**आवासीय भूमि का पट्टा देने सहित अन्य मांगें रखीं**





**नवभारत न्यूज**
**झाड़ला/ कुरावर 11 मार्च, सं. कुरावर-नरसिंहगढ़ मार्ग स्थित ग्राम झाडला निवासी बाईक सवार देवर-भाभी का ब्यावरा-राजगढ़ मार्ग पर मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था. यह जनसुनवाई में आवेदन देने बाईक से राजगढ़ जा रहे थे.**

बुधवार को परिजन, समाज बंधुओं ने आवासीय भूमि का पट्टा दिए जाने सहित अन्य मांगे रखते हुए मांगे पूरी होने पर ही अंतिम संस्कार करने पर अड़े रहे. प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चर्चा कर नियमानुसार मदद का भरोसा दिलाते हुए समझाईश दी जिसके बाद परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हुए, इसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया.

गौरतलब है कि ग्राम झाडला निवासी कैलाश पिता बापूलाल वर्मा उम्र 55 वर्ष एवं उनकी भाभी भगवती बाई पति नन्नूलाल उम्र 60 वर्ष बाईक द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई में आवेदन देने राजगढ़ जा रहे थे तथी पीपलबे आश्रम के समीप बस ने बाईक को अपनी चपेट में ले लिया था. दुर्घटना में दोनों का प्राणांत हो गया था.

बुधवार को गांव में अंतिम संस्कार किया जाना था किंतु परिजन, समाजजन यह मांग कर रहे थे कि पीड़ित परिवार को उक्त भूमि का पट्टा दिया जाये. प्रधानमंत्री आवास देने तथा परिवार को आर्थिक सहायता दी जाये. इस संबंध में नरसिंहगढ़ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया.

### अधिकारियों ने समझाया





मौके पर पहुंचे एसडीएम नरसिंहगढ़ सुशील कुमार द्वारा पूरा मामला सुना गया और पीड़ित परिवार और रिश्तेदार को समझाईश दी. दोनों मृतक को रेडक्रॉस सोसायटी से दस- दस हजार की सहायता और अंतिम संस्कार के लिए प्रशासन से 15-15 हजार रुपये की सहायता दी देने की बात कही. साथ ही नियमानुसार जो भी मदद होगी उसे देने का भरासा दिलाया. इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए और मुक्तिधाम पर दोनों का अंतिम संस्कार किया गया. इस मौके पर नायब तहसीलदार कुरावर सुनीता कुमारी, राजस्व अमला, थाना प्रभारी कुरावर सहित पुलिस टीम उपस्थित रहे. समाज के पदाधिकारी, ग्रामीणजन, रिश्तेदार और समाजजन उपस्थित रहे.

### स्कॉर्पियों और ट्रैक्टर ट्रॉली की भिड़ंत, 6 घायल

**नवभारत न्यूज, पचोर/ब्यावरा 11 मार्च, सं.** पचोर के निकट आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की रात्रि को एक स्कॉर्पियों वाहन के ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ने से वाहन में सवार 4 लोग गंभीर रुप से घायल हो गये, जबकि ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार 2 लोग भी घायल हो गये. चार गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया है. स्कॉर्पियों में सवार उज्जैन निवासी लोग कामख्या दर्शन करने के लिए जा रहे थे. जानकारी के अनुसार उज्जैन से कामख्या दर्शन करने चार लोग स्कॉर्पियों वाहन में सवार होकर जा रहे थे. बताया जाता है कि मंगलवार रात्रि करीब 11 बजे सद्गुरु ढाबे के यहां स्कॉर्पियों वाहन रायड़ा से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से जा भिड़ा. वाहनों के बीच टक्कर इतनी जोर की थी कि स्कॉर्पियों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. ट्रॉली का पिछला हिस्सा टूट जाने से उसमें भरा रायड़ा रोड पर फैल गया. स्कॉर्पियों में सवार सवार 4 लोग घायल हो गये. यह वाहन में बुरी तरह फंस गये. आसपास मौजूद लोग तुरंत बचाव कार्य में जुट गये और सब्बल आदि की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर घायलों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस एवं निजी वाहन द्वारा घायलों को पचोर अस्पताल पहुंचाया गया. पचोर अस्पाताल के मेडिकल प्रभारी डा. विजया गौतम के अनुसार कार में सवार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया. जबकि ट्रैक्टर में सवार दो घायलों का उपचार पचोर अस्पाताल में जारी है. ट्रैक्टर में सवार कृषक मनीष नागर एवं सुगनबाई नागर घायल हो गये. मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, नपाध्यक्ष विकास करोड़िया, रवि शर्मा, गोलू भंडारी, अमित गोस्वामी, सुदर्शन सोनी आदि के द्वारा बचाव कार्य करते हुए घायलों को वाहन से निकालकर अस्पाताल पहुंचाया गया. पचोर पुलिस के अनुसार कार चालक कीर्तिवर्धन केलकर उम्र 40 वर्ष अपने साथी कुलदीप ठाकुर उम्र 38, आशीष तिवारी उम्र 38, जय ठाकुर उम्र 36 वर्ष के साथ उज्जैन से कामाख्या दर्शन करने जा रहे थे. स्कॉर्पियों वाहन पटाडिया धाकड़ से पचोर की ओर जा रही रायड़ा से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से जा भिड़ा.

### 770 संविदा डेटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर भर्ती

**राजगढ़ 11 मार्च, का.** मध्यप्रदेश भू-अभिलेख प्रबंधन समिति भोपाल द्वारा संविदा आधार पर डेटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. प्रदेश में कुल 770 पदों पर नियुक्ति की जाएगी. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. जारी विज्ञापन के अनुसार इन पदों के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण होना तथा सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. चयनित अभ्यर्थियों को 5200-20200 रुपये के वेतनमान में 1900 रुपये ग्रेड पे के समकक्ष मासिक मानदेय दिया जाएगा. अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसकी गणना 01 जनवरी 2026 की स्थिति में की जाएगी. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को शासन के नियमानुसार अधिकतम 5 वर्ष की आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी।पदों का वर्गवार वितरण इस प्रकार है. अनारक्षित 209, अनुसूचित जाति 123, अनुसूचित जनजाति 154, अन्य पिछड़ा वर्ग 208 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग 76 पद निर्धारित किए गए है. इन पदों पर भर्ती मेरिट के आधार पर की जाएगी.



## जिला व तहसील न्यायालय की महिला जजेस हेतु ऑनलाइन कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 11 मार्च, का.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन के क्रम में कार्यपालक अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्यायाधीश म.प्र. उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति श्रीमती अनुराधा शुक्ला, अध्यक्ष, आंतरिक शिकायत समिति, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की अध्यक्षता में समस्त जिला एवं तहसील न्यायालयों में पदस्थ महिला न्यायिक अधिकारियों हेतु ऑनलाईन माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देशानुसार जिला न्यायालय राजगढ़ के सभाकक्ष में जिला न्यायालय राजगढ़ में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक ऑनलाईन कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर अध्यक्ष द्वारा महिलाओं से संबंधित अन्य कानूनी विषयों व अधिकारों पर भी चर्चा की गई. कार्यक्रम में महिला न्यायिक अधिकारियों सहित प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अन्य समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ न्यायाधीषगण भी उपस्थित रहे. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला न्यायिक अधिकारियों हेतु कार्यक्रम जिला न्यायालय, राजगढ़ सहित तहसील न्यायालय-ब्यावरा, नरसिंहगढ़ एवं सारंगपुर में पदस्थ महिला न्यायिक अधिकारियों हेतु भी माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय के माध्यम से ऑनलाईन आयोजित किया गया. कार्यक्रम के आयोजन उपरांत सहभागी न्यायिक अधिकारियों के सम्मान स्वरूप भारत के संविधान प्रस्तावना वितरित कर सम्मान किया

### ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह



**तलेन 11 मार्च, सं.** ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा शिवालय मंदिर पर होली मिलन समारोह का आयोजन रखा. इस अवसर पर शिवालय मंदिर पर पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन किए. पश्चात समाज के उत्थान एवं संगठित समाज को लेकर कई विचारों पर विचार विमर्श हुआ. अंत में एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई.

# बीते साल की तुलना में 18 प्रतिशत बढ़े पंजीयन

## वीसी के माध्यम से गेहूं पंजीयन/उपार्जन की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 11 मार्च, का. गेहूं पंजीयन एवं उपार्जन की संभागीय समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस ( वीसी ) के माध्यम से बुधवार को आयोजित की गई.**

बैठक में संबंधित अधिकारियों को रबी विपणन वर्ष में गेहूं पंजीयन एवं भंडारण व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए. बैठक में बताया गया कि इस वर्ष गेहूं पंजीयन विगत वर्ष की तुलना में लगभग 18 प्रतिशत अधिक हुआ है. पंजीयन में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए

साथ ही गेहूं पंजीयन का सत्यापन राजस्व विभाग के माध्यम से कराने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पंजीयन की प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण की जा सके. बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि खाद्यान्न का एकमुश्त राशन वितरण दो माह का किया जाएगा. इसके लिए पात्र हितग्राहियों को पीओएस मशीन पर दो बार अंगूठा लगाकर सत्यापन करना होगा. दोनों माह का राशन वितरण 15 अप्रैल, 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके.



# कचरे में लगी आग से सुलगी पान की गुमठी

## खाली प्लॉट के कचरे में आग लगने से हुई घटना, हजारों का नुकसान

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 11 मार्च, का.** गर्मी के शुरु होते ही प्राय: आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगती है, विशेषकर खाली पड़े प्लॉट या फिर अन्य जगह कचरे में आग सुलगने की घटनाएं हो चुकी है, इसी क्रम में बुधवार को पुराना ए.बी.रोड पर स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला के समीप खाली प्लॉट पर स्थित कचरे में आग लगने से रोड किनारे रखी पान की गुमठी सुलग गई, जिसमें रखे सामान को काफी नुकसान पहुंचा. घटना के समय गुमठी बंद थी.

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 2 बजे अग्रवाल धर्मशाला के समीप प्लॉट में मौजूद कचरे में आग लगने से वह गुमठी तक जा पहुंची.

देखते ही देखते गुमठी को आग ने अपनी चपेट में ले लिया. आसपास मौजूद लोगों की सक्रियता के चलते आग पर काबू पाया जा सका. इस दौरान मौके पर से जा रहे नपा के पानी टेंकर को रोककर कर्मचारी भी आग बुझाने में जुट गये.

### बड़ा नुकसान होने से बचा

समीप मौजूद अग्रवाल धर्मशाला में कार्यक्रम चल रहा था जिसके चलते धर्मशाला के बाहर अनेक वाहन खड़े थे. जहां तक आग फैलती आई वहां भी वाहन खड़े थे. जिन्हें तत्परता से एक और हटाया गया. वरना अधिक नुकसान हो सकता था.

## हार्वेस्टर संचालकों के साथ पुलिस और प्रशाासन की बैठक

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 11 मार्च, का.** विकासखण्ड सारंगपुर में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है. इसी क्रम में बुधवार को सारंगपुर क्षेत्र में कृषि विभाग ने पुलिस अधिकारियों और हार्वेस्टर संचालकों के साथ बैठक आयोजित की. बैठक में नरवाई प्रबंधन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपुत ने थाना सारंगपुर में बैठक ली. बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को नरवाई न जलाने के प्रति जागरूक करना और हार्वेस्टर मशीनों में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य करना था.

बैठकों के दौरान पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में संचालित हार्वेस्टर मशीनों और उनके संचालकों के संपर्क विवरण भी उपलब्ध कराए गए. यह कदम फसल कटाई के दौरान नियमों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है. कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में नरवाई प्रबंधन को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं. इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## हरिओम का भोपाल एम्स में होगा ऑपरेशन

**राजगढ़ 11 मार्च, का.** कालीपीठ थाना अंतर्गत ग्राम भवानीपुरा निवासी 6 वर्षीय हरिओम तंवर के इलाज की दिशा में अब उम्मीद की किरण दिखाई दी है. सड़क दुर्घटना में हुए गंभीर फ्रेक्चर के कारण हरिओम का दाहिना पैर प्रभावित हो गया था. जिससे उसका पैर कमजोर होने के साथ ही छोटा भी हो गया था. अब भोपाल स्थित एम्स अस्पताल में उसके जटिल ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. जो अगले तीन वर्षों तक चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगी. कलेक्टर डॉ. मिश्रा की पहल पर 6 जनवरी को जिला अस्पताल के सेवानिवृत्त विहारी बाबू द्वारा शासकीय वाहन से हरिओम को भोपाल स्थित एम्स अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया.

**उद्घोषणा**

मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मेरा नाम संजय यादव पिता श्री सिद्धनाथ यादव, जन्म दिनांक 06/09/1984, निवासी वार्य नं 09 चोधरीपुरा तलेन तहसील पचोर जिला राजगढ़ म.प्र.। आधार कार्ड नम्बर 4409 2409 4691 है. 2. मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ, कि में भारतीय सेना में पदस्थ हूं. 3. मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता के सभी दस्तावेज में मेरी माताजी का नाम सोदर बाई यादव (SODHER BAI YADAV) लिखा हुआ है, एवं नेरी माताजी के आधार कार्ड संख्या- 5736 6161 3742, पेन कार्ड संख्या BXAPY8540H एवं अन्य सभी दस्तावजे में मेरी माता जी का नाम सोदरा बाई यादव (SODRA BAI YADAV) लिखा हुआ है, जो कि उक्त नाम सोदर बाई यादव (SODHER BAI YADAV) उर्फ सोदरा बाई यादव (SODRA BAI YADAV) एक ही व्यक्ति है. मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता के दस्तावेज में भुलवश मेरी माता जी कि जन्म दिनांक 01.07.1966 लिखा दि गई थी जो कि गलत है, उनकी सही जन्म दिनांक 01. 01.1973 है, जो कि मेरी माताजी के सभी दस्तावेज में लिखी हुई है. जिसकी पुष्टि में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ.

**स्थान- नरसिहगढ,दिनांक:10/03/2026**

**उद्घोषणा**

मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि-मैरा नाम संजय यादव पिता श्री सिद्धनाथ यादव, जन्म दिनांक 06/09/1984, निवासी वार्ड न 09 चोधरीपुरा तलेन तहसील पचोर जिला राजगढ़ म.प्र. आधार कार्ड नम्बर 4409 2409 4691 है. 2. मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मैं भारतीय सेना में पदस्थ हूं. 3. मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ, कि मुझ शपथकर्ता के सभी दस्तावेज में मेरे पिता जी का नाम सिद्धनाथ यादव (SIDDHNATH YADAV ) लिखा हुआ है, एवं मेरे पिता जी के आधार कार्ड संख्या 4028 0923 3656, पेन कार्ड संख्या BAQPY9671N एवं अन्य सभी दस्तावज में मेरे पिता का नाम सिद्धनाथ सिंह यादव (SIDDHNATH SINGH YADAV) लिखा हुआ है, जो कि उक्त नाम सिद्धनाथ यादव (SIDDHNATH YADAV) उर्फ सिद्धनाथ सिंह यादव (SIDDHNATH SINGH YADAV) एक ही व्यक्ति है. मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता के दस्तावेज में भूलवश उनकी जन्म दिनांक 01.07.1956 लिखा दि गई थी जो कि गलत है, उनकी सही जन्म दिनांक 01.01.1969 है. जो कि मेरे पिता जी के सभी दस्तावेज में लिखी हुई है. जिसकी पुष्टि में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ.

**स्थान-नरसिहगढ़,दिनांक10/03/2026**

**आपूर्ति** ▶ **नगर सहित जिले में अभी नहीं कोई किल्लत, सुविधाजनक मिल रहे सिलेंडर**

# कमर्शियल सिलेंडर पर संकट, उपभोक्ताओं में बढ़ी चिंता

**जिला खाद्य विभाग का कहना है कि गैस सिलेंडर को लेकर जिले में किसी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है**



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 11 मार्च, का.** अमेरिका-इजराइल की ईरान के साथ चल रही जंग का असर गैस सप्लाई पर होता नजर आ रहा है. वहां से जलमार्ग के रास्ते से गैस सप्लाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होने से आने वाले दिनों सिलेंडर की किल्लत न हो जाये इन सब बातों ने चिंता बढ़ा दी है. हालांकि नगर सहित जिले में फिलहाल गैस सिलेंडर की कोई किल्लत नजर नहीं आ रही है.

गौरतलब है कि गैस सप्लाई प्रभावित होने से अब इसकी आहट मध्य प्रदेश में महानगरों, शहरों में भी होने लगी है. बड़े शहरों में कमर्शियल सिलेंडर पर निर्भर व्यवसाय वालों की मुश्किलें बढ़ने लगी है. इससे सर्वाधिक परेशानी होटल, रेस्टोरेंट चलाने वालो के साथ देखी जा रही है. साथ ही ठेले पर खाने-पीने की चीजें बेचने वाले छोटे व्यवसाय से जुड़े धंधे भी प्रभावित हो सकते है.

### शादी ब्याह को लेकर चिंतित

भले ही नगर एवं जिले में फिलहाल कमर्शियल एवं घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत की स्थिति निर्मित नहीं हुई है, परन्तु आने वाले दिनों में शादी ब्याह के चलते गैस सिलेंडर की मांग बढ़ने तथा इनकी किल्लत न हो जाये इन सब बातों ने चिंतित अवश्य कर दिया है.

### कमर्शियल सिलेंडर सप्लाई रुकी लेकिन जिले में आपूर्ति सुचारू



जानकारी के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई को आगे से रोक दी गई है, किंतु स्थानीय स्तर पर एवं जिले में फिलहाल कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई सुचारु होना बताया जा रहा है. स्थानीय गैस एजेंसी संचालक के अनुसार कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई आगे से रुकी है किंतु नगर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई उपभोक्ताओं को पूर्व की तरह सुचारु की जा रही है. कमर्शियल गैस सिलेंडर के द्वारा होटल एवं अन्य व्यवसाय करने वालो के अनुसार फिलहाल गैस सिलेंडर मिलने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है. इस संबंध में जिला खाद्य विभाग का कहना है कि गैस सिलेंडर को लेकर जिले में किसी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है.



# सब्जी मंडी, नपा कॉम्पलेक्स की नालियां क्षतिग्रस्त हुईं

## आवागमन में होती परेशानी, दुर्घटना का बना रहता है अंदेशा

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 11 मार्च, का. स्थानीय राजगढ़ रोड पर स्थित सब्जी मंडी एवं नपा कॉम्पलेक्स के प्रवेश द्वार पर मौजूद नाली की जाली, स्लोप पूरी तरह तहस-नहस होने के कारण सब्जी मंडी और कॉम्पलेक्स में आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है.**

गौरतलब है कि राजगढ़ रोड पर सब्जी मंडी के प्रवेश द्वार के यहां विशालकाय नाली है, जिस पर सुरक्षा की दृष्टि से लगाई नाली बहुत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है. आये दिन टूटी जाली में गौवंश गिर जाते है. सब्जी मंडी में अन्य अव्यवस्थाएं भी होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है.

### नपा कॉम्पलेक्स में स्लोप क्षतिग्रस्त

राजगढ़ रोड पर सब्जी मंडी के समीप ही नपा कॉम्पलेक्स में नालियों पर बने स्लोप पूरी तरह ध्वस्त होने से थोड़ी बहुत जगह रह गई है इसी पर से होकर दुपहिया वाहन एवं पैदल राहगीर आते-जाते है, इससे जोखिम बना रहता है. कई बार यहां से आने-जाने में दुपहिया वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है. नपा कॉम्पलेक्स के भीतर जाने हेतु राजगढ़ रोड पर शासकीय स्कूल के सामने से एवं पुराना ए.बी.रोड पर रोकस दुकानों के सामने सुविधा घर के समीप से रास्ता जाता है किंतु सालो से इन रास्तो पर नाली पर बने स्लोप बुरी तरह ध्वस्त होने के कारण यहां से दुपहिया वाहन एवं पैदल राहगीर तक जैसे-तैसे निकल पाते है.